Chapter - 4

वर्ड प्रोसेसिंग और डेस्कटॉप पब्लिशिंग सॉफ्टवेयर में अंतर

Difference between Word Processing and Desktop Publishing Software

Word Processing Software

1. इसमें टेक्स्ट का निर्माण(creation), संपादन (editing) और मुद्रण (printing) शामिल है।
2. वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर का उपयोग सरल मेमो, पत्र, पांडुलिपियों (manuscripts) और resume बनाने के लिए किया जाता है।
3. किसी भी वर्ड प्रोसेसर सॉफ्टवेयर में सीधे सीधे टेक्स्ट जोड़ सकते हैं ।
4. वर्ड प्रोसेसिंग के अंतर्गत माइक्रोसॉफ्ट वर्ड और ओपन ऑफिस जैसे सॉफ्टवेयर आते हैं।
5. डेस्कटॉप पब्लिशिंग की तुलना में वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर का उपयोग करना आसान होता है।

वर्ड प्रोसेसर एक ऐसा प्रोग्राम होता है जिसका उपयोग किसी भी प्रकार की छापने योग्य सामग्री तैयार करने में किया जाता है |ऐसे प्रोग्राम में मुख्यतः पाठ्य को प्रविष्ट करने(Entering text) ,सम्पादित करने(To edit) ,फॉर्मेट करने और प्रिंट करने की समस्त सुविधाए होती है |पहले यह कार्य टाइपराइटरो द्वारा हाथ से किये जाते थे ,परन्तु उनमे बहुत अधिक समय लगता था ,लेकिन वर्ड प्रोसेसर द्वारा यह कार्य अत्यंत सरल एवं आनंददायक हो गया है |

वर्ड प्रोसेसर स्वतंत्र प्रोग्राम के रूप में भी हो सकता और किसी बड़े पैकेज का एक भाग भी हो सकता है |वर्ड प्रोसेसरो में डॉक्यूमेंट की डिजाईन बनाने,चित्र बनाने अथवा डालने की सुविधाए भी होती है |कई अच्छे वर्ड प्रोसेसरो में स्पेलिंगऔर ग्रामर की गलतियों को खोजने और ठीक करने की भी क्षमता होती है |

Desktop Publishing Software

1. डेस्कटॉप पब्लिशिंग सॉफ्टवेयर के जरिये हम उन दस्तावेजों का उत्पादन कर पाते हैं जिनमे टेक्स्ट और ग्राफ़िक्स का एक साथ प्रयोग किया जाता है।
2. डेस्कटॉप पब्लिशिंग का उपयोग समाचार पत्र, पत्रिकाओं, विज्ञापनों और ब्रोशर जैसी चीजों पर काम करने के लिए किया जाता है जहां लेआउट महत्वपूर्ण होता है।
3. डेस्कटॉप पब्लिशिंग में टेक्स्ट को जोड़ने के लिए पहले टेक्स्ट फ्रेम को जोड़ना होता है।
4. डेस्कटॉप पब्लिशिंग सॉफ्टवेयर जैसे कि क्वार्कएक्सप्रेस 6.5 और 7.0 और साथ ही एडोब इनडिजाइन सीएस और सीएस 2 का उपयोग किया जाता है।
5. वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर की तुलना में इसका उपयोग करना मुश्किल होता है।

डेस्कटॉप पब्लिशिंग का शाब्दिक अर्थ छापी जाने वाली सामाग्री को अपनी मेज पर ही तैयार करना होता है अर्थात अपनी मेज पर रखे उपकरणो द्वारा ही प्रकाशन का कार्य करना, इसका व्यवहारिक अर्थ है – कम्प्यूटर और उससे जुडे उपकरणो द्वारा प्रकाशन का कार्य करना, दूसरे शब्दो मे इस प्रणाली मे पाठ्य कम्पोज करने, चित्र आदि बनाने से लेकर उन्हे विभिन्न पृष्ठो पर स्थान देने अर्थात सेट करने तक का सारा कार्य अपनी मेज पर रखे कम्प्यूटर मे ही किया जाता है और अंत मे ऐसी मास्टर प्रति लेजर प्रिंटर पर छापकर तैयार कर ली जाती है, जिसे आप किसी छपाई की विधि जैसे ऑफसेट विधि से सीधे कागज पर उतार सकते है और इच्छानुसार कितनी भी प्रतिया छाप सकते है|

संक्षेप मे, अपने डेस्कटॉप कम्प्यूटर की सहायता से पूरी तरह छापने योग्य दस्तावेज तैयार करना ही डेस्कटॉप पब्लिशिंग कहा जाता है, इसके लिये कई प्रकार के प्रोग्राम उपलब्ध है, जिनके द्वारा आप टुकडो मे बंटी हुई सूचनाओ और सामाग्री को आपस मे जोडकर एक संपूर्ण दस्तावेज बना सकते है।